# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. अमेरीका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा, विपक्ष के शोर शराबे के कारण कार्यवाही प्रभावित।
2. रांची विश्वविद्यालय ने आयोजित किया पहला खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह, 120 प्रतिभागियों के बीच 156 पदकों का वितरण, राज्यपाल ने कहा– खेल गतिविधियां व्यक्तित्व विकास में सहायक।
3. केंद्र पर 1 लाख 36 हजार करोड़ रूपये बकाया होने के मुख्यमंत्री के दावे पर भाजपा ने कसा तंज, विधायक नीरा यादव ने कहा–राज्य सरकार पहले पूर्व में मिले पैसों का हिसाब दे।
4. आम नागरिकों के लिए खुला राजभवन उद्यान, 12 फरवरी तक लोग कर सकेंगे भ्रमण, झारखंड के 12 वीर सपूतों के गौरवपूर्ण इतिहास से होंगे परिचित।

********************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अमेरीका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेजे जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के विरोध के कारण प्रभावित हुई है। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी तथा इस मुद्दे पर बहस की मांग की। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे तक और बाद में दो बजे तक स्थगित कर दी। उधर, राज्यसभा में भी इसी मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया, जिससे कार्रवाही बाधित हुई।

********************

चतरा व्यवहार न्यायालय में पिछले चार दिनों से वकालतनामे और शपथ पत्र को सत्यापित करने में काम आने वाले वेलफेयर टिकट नहीं मिल रहे हैं। इससे अधिवक्ताओं में रोष है। चतरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जायसवाल और सचिव मुरली मनोहर मिश्रा ने बताया कि वेलफेयर टिकट के अभाव में न्यायिक और गैर न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

********************

केन्द्र सरकार पर एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये बकाया होने के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दावे पर भाजपा ने फिर तंज कसा है। कोडरमा में विधायक नीरा यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार को बकाये का डिमांड करने से पहले केन्द्र से पूर्व में मिले पैसों का हिसाब देना चाहिए।

********************

रांची विश्वविद्यालय के पहले खेल और सांस्कृतिक दीक्षांत समारोह का आज आयोजन किया गया। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर ओलिंपियन मनोहर टोपनो विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान समारोह में 11 प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक समेत 156 मेडल दिए गये। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं।

इस दौरान पहली बार रांची विश्वविद्यालय ने अपने यू ट्यूब वेबसाइट पर दीक्षांत समारोह का लाइव प्रसारण भी किया।

********************

एचईसी के जीएम प्रमोद कुमार बेहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनपर एचईसी में जमीन और सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक करोड़ 25 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। रांची निवासी सोमेन्द्र मंडल ने इस सिलसिले में धुर्वा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में कहा गया है कि प्रमोद कुमार बेहरा ने खुद को 2001 बैच का आईएएस अधिकारी बताकर यह ठगी की थी।

********************

कोडरमा में संचालित नारी अदालत महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसे मामलों को सुलझाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पिछले 17 सालों में नारी अदालत के जरिए एक हजार से ज्यादा मामलों का निष्पादन किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नारी अदालत ने समाजिक न्याय की परिकल्पना को साकार किया है।
साउंड बाइट – गजेन्द्र बिहारी, कोडरमा – 1 मिनट

********************

सरायकेला–खरसांवा जिले में नशाखोरी के खिलाफ व्यापक अभियान शुरु किया गया है।

********************

राजभवन उद्यान आज से आम नागरिकों के लिए खोल दिया गया है। उद्यान हर दिन सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला रहेगा।

********************

जमशेदपुर के गोविंदपुर में कल से ही जलापूर्ति बंद है। इससे गोविंदपुर, राहरगोडा, गदडा और परसुडीह के लगभग 24 हजार से ज्यादा घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे डेढ़ लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है। योजना का संचालन कर रही एजेंसी जेमिनी इंटरप्राइजेज ने बकाया 2 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं होने पर अनिश्चितकाल के लिए जल आपूर्ति को बंद कर दिया है।

*****************